1-Krishna Nagar secured India's second gold medal in badminton at Tokyo Paralympics after notching a thrilling three-game win over Hong Kong's Chu Man Kai in the men's singles SH6 class final.

कृष्णा नागर ने हांगकांग के चू मैन काई को पुरूषों की एकल एसएच6 क्लास के तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हराकर तोक्यो पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया।

2-India's Suhas Lalinakere Yathiraj ended his campaign with a historic silver after going down fighting against top seed Lucas Mazur of France in the men's singles SL4 class final at the Tokyo Paralympics.

भारत के सुहास यथिराज तोक्यो पैरालंपिक की पुरूष एकल एसएल4 क्लास बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष वरीय फ्रांस के लुकास माजूर से करीबी मुकाबले में हार गये जिससे उन्होंने ऐतिहासिक रजत पदक से अपना अभियान समाप्त किया।

3-Olympic medalist boxer Lovlina Borgohain will be the brand ambassador of Sarva Siksha Abhiyan.

ओलिम्पिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सर्वशिक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर होंगी।

4-The government's collections from levy of excise duty on petroleum products have jumped 48 per cent in the first four months of the current fiscal year, with the incremental mop-up being 3-times of the repayment liability of legacy oil bonds in the full fiscal.

सरकार का पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क संग्रह चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में 48 प्रतिशत बढ़ गया है, और इस दौरान हासिल हुआ अतिरिक्त संग्रह पूरे वित्त वर्ष के दौरान तेल बॉन्ड देनदारी का तीन गुना है।

5-The initial public offering of WAPCOS is likely to be launched by March end.

वैपकॉस का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम अगले साल मार्च के अंत तक आ सकता है।

6-Coal India Ltd (CIL), under the Ministry of Coal has launched a new software named "Spectral Enhancement" (SPE).

कोयला मंत्रालय के तहत कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने "स्पेक्ट्रल एन्हांसमेंट" (एसपीई) नाम का एक नया सॉफ्टवेयर शुरू किया है।

7-Centre for Development of Telematics (C-DOT), the premier Telecom R&D Centre of the Department of Telecommunications, Ministry of Communications, Government of India, observed its 38th Foundation Day celebrations.

दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने अपना 38वां स्थापना दिवस समारोह मनाया।

8-The 28th edition of Singapore-India Maritime Bilateral Exercise (SIMBEX) was conducted from 02 to 04 Sep 21.

सिंगापुर और भारत की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास (सिम्बेक्स) का 28वां संस्करण 02 से 04 सितंबर 2021 तक आयोजित किया गया था।

9-Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID), has laid the foundation stone for first ever Electric Vehicle Charging Station (EVCS) in the state of Meghalaya at its office complex at Lapalang, Shillong.

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने शिलौंग के लापालांग स्थित अपने कार्यालय परिसर में मेघालय राज्य में अब तक के पहले इलेक्ट्रिक वेहिकल चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) की आधारशिला रखी।

10-Union Minister of Youth Affairs and Sports Anurag Singh Thakur felicitated Paralympics Tokyo 2020 silver medallist Mariyyapan T and his coach Raja B in New Delhi.

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पैरालंपिक टोक्यो 2020 में रजत पदक विजेता मरियप्पन टी और उनके कोच राजा बी को नई दिल्ली में सम्मानित किया।